हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 15 सितम्बर, 2020/24 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 48

बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण

***3126 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत कितनी योजनाएं स्वीकृत की गईं, कितनी का कार्य पूर्ण किया गया तथा कितनी का शेष है; कार्य किस-किस ठेकेदार को आवंटित किया गया; ब्यौरा योजनावार व ठेकेदार के नाम सहित दें?

उद्योगों हेतु भूमि क्रय

***3127 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नए उद्यमियों को उद्योग लगाने हेतु भूमि क्रय के लिए प्रक्रिया को सरल किया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें ;

(ख) वर्तमान में नियम-118 के अन्तर्गत भूमि क्रय हेतु दी जाने वाली स्वीकृति के लिए क्या प्रक्रिया है; और

(ग) गत 2 वर्षों में धारा-118 की कितनी स्वीकृतियां प्रदान की गईं; ब्यौरा दें?

Sabzi Mandi Totu

***3128 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state the latest position of construction work of Sabzi Mandi at Totu, Shimla?

पदपूर्ति

***3129 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लड़भड़ोल में एस०डी०एम० का पद रिक्त है; यदि हां, तो इसे कब तक भर दिया जाएगा?

Medical College Hamirpur

***3130 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that is it a fact that the foundation stone of the building of Medical Collage Hamirpur was laid down; if yes, by when the construction work will be started?

कानूनी तौर पर खेती

***3131 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पौंग झील के सीमा बिन्दु 1410 के भीतर कानूनी तौर पर खेती की जा सकती है; यदि हां, तो इसके क्या मापदण्ड हैं; यदि नहीं, तो कारण; ब्यौरा दस्तावेजों सहित दें?

प्राकृतिक आपदा से नुकसान

***3132 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मार्च और अप्रैल, 2020 के दौरान वर्षा और ओलावृष्टि से किसानों व बागवानों को कितना नुकसान हुआ है; सरकार इनको मुआवजा देने हेतु क्या पग उठा रही है?

टैस्ट की सुविधा

***3133 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत चौपाल, नेरवा व कुपवी में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे व ब्लड टैस्ट की सुविधा आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Pension Scheme

***3134 Sh. Anirudh Singh(Kasumpti) :**
Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that contractual teachers (JBT) appointed between 1995 and 1999 are not being covered under Old Pension Scheme;

(b) whether it is also a fact that the Hon'ble High Court of Himachal Pradesh and Hon'ble Supreme Court of India have passed orders in this matter; and

(c) if yes, will the Government consider to cover them under Old Pension Scheme?

Purchase of Buses

***3135 Sh. Hoshyar Singh (Dehra):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) how much amount has been paid to prepare the DPR for the purchase of

buses Under JNNURM; whether the tender was invited to prepare the DPR or not; whether the company which prepared the DPR was registered to Government approved or accredited agency or not;

(b) whether HRTC has their own Engineers to prepare DPR or not;

(c) how many buses of the model and different categories approved by the Committee were purchased from the dealer under JNNURM; what was the cost of buses purchased; details be given; and

(d) how many buses under JNNURM are not in operation and what is the loss incurred for not operating these buses till today; details be given?

खराब उपकरण

*3136 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत टांडा मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में कैथ लैब मशीन, एम.आर.आई. मशीन व सी.टी.स्कैन मशीन खराब रहती है; यदि हां, तो सरकार नई मशीनें स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पर्यटन को बढ़ावा

*3137 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

नेशनल हैल्थ मिशन कर्मचारी

*3138 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नेशनल हैल्थ मिशन के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों हेतु सरकार कब तक नीति बनाने का विचार रखती है तथा इन्हें कब तक नियमित वेतन व अन्य लाभ प्रदान कर दिए जाएंगे?

संस्कृत महाविद्यालय

***3139 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चम्बा में स्थित संस्कृत महाविद्यालय को सरकारी नियंत्रण में लेने का विचार रखती है?

करुणामूलक आधार पर नौकरी

***3140 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आवेदकों को करुणामूलक आधार पर नौकरियां प्रदान की गई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) करुणामूलक आधार पर नौकरी के लिए आय के क्या मापदंड हैं; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***3141 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नाबार्ड व अन्य योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत हुईं व कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा सड़कवार दें?

HP Tenancy and Land Reforms Act

***3142 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.07.2020, how many cases of Section-118 HP Tenancy and Land reform Act, 1972 have been recieved by the Government; details be given;

(b) in how many cases permission has been granted; all relevant details like the measurement of land, place in which the land is situated, khasra nos. and

sellers name be given; and

(c) how many cases are pending for the approval of the Government; details be given?

प्रगतिशील कार्य

***3143 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल बन्जार में पी0एम0जी0एस0वाई0, नाबार्ड, एस0सी0एस0पी0 व सी0आर0एफ0 के कितने कार्य प्रगति पर हैं; इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; ब्यौरा कार्यवार दें?

ओ0बी0सी0 भवन

***3144 श्री विशाल नेहरिया (धर्मशाला):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि धर्मशाला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ओ0बी0सी0 भवन निर्माण कार्य लम्बित होने के क्या कारण हैं तथा निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

डायलेसिस केन्द्र

***3145 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने पब्लिक/प्राइवेट पार्टनरशिप डायलेसिस केन्द्र कार्यान्वित हैं तथा गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक इनमें कितने रोगियों का डायलेसिस हो चुका है; इन डायलेसिस केन्द्रों को कितनी धनराशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बीमा योजना के अन्तर्गत उपलब्ध हुई है तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा केन्द्रवार दें; और

(ख) क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में अल्ट्रासाउंड व सी. टी. स्कैन की मशीनें कब से बंद हैं

तथा मरीजों एवं प्रसूता महिलाओं को बाहर से अल्ट्रासाउंड पर अस्पताल द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

नुकसान की भरपाई

***3146 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हर वर्ष बर्फवारी, ग्लेशियर खिसकने, अत्यधिक बरसात व बादल फटने से नुकसान होता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इनसे होनी वाली क्षति की भरपाई हेतु अलग से धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

मैटलिंग/टारिंग

***3147 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा जिला सोलन के अन्तर्गत घणाहट्टी-कुनिहार सड़क पर बनौगी की घाटी से शरेर तक सम्पर्क मार्ग की अभी तक मैटलिंग/टारिंग नहीं करवाई गई है; यदि हां, तो सरकार कब तक मैटलिंग/टारिंग करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सी0एस0आर0

***3148 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक जिला चम्बा में सी0एस0आर0 और लाडा के अन्तर्गत किन-किन कार्यों पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा कार्य, धनराशि, स्थान और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

स्वास्थ्य संस्थानों का ब्यौरा

*3149 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नागरिक अस्पताल रोहड़ू, डोडरा-क्वार व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुन्दासु (चिड़गांव) में स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सकों व स्टाफ नर्स के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं; इन पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है तथा नागरिक अस्पताल रोहड़ू में कितने बिस्तरों की व्यवस्था है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुन्दासु (चिड़गांव) में X-Ray मशीन कार्य नहीं कर रही है; यदि हां, तो कारण; और

(ग) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं तथा उनमें डॉक्टरों के पद कब से रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा स्वास्थ्य केन्द्रवार दें?

Rampur Bypass

*3150 **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of the construction of Rampur Bypass with the provision of a vehicular bridge; details be given;

(b) is it a MLA priority; if yes, status of the DPR and amount sanctioned be given; and

(c) what is the latest position of construction of Tikkar-Khamadi, Laba-Chiksa and Dhandol-Kashapat Road; details be given?

पुल निर्माण

*3151 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अलसेड खड्ड पर पैदल पुल का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया था तथा इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

वाटर कैरियर/मल्टी टास्क वर्कर

***3152 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शिक्षा विभाग में नियम-18 के अन्तर्गत वाटर कैरियर/मल्टी टास्क वर्कर की नियुक्ति हेतु क्या नियम निर्धारित हैं; और

(ख) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक कितनी नियुक्तियां प्रदान की गई; ब्यौरा विद्यालयवार, जिलावार, नाम व पते सहित दें?

विकास कार्य

***3153 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.08.2020 तक सरकार द्वारा जल शक्ति मण्डल नालागढ़ में कितनी योजनाएं स्वीकृत की गईं, कितनी का कार्य पूर्ण किया गया, कितनी का शेष है तथा इनका कार्य किन-किन ठेकेदारों को आवंटित किया गया; ब्यौरा योजनावार व ठेकेदार के नाम सहित दें?

अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण

***3154 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को दिया जा रहा आरक्षण अन्य राज्यों में दिए जा रहे आरक्षण के अनुरूप है; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) उच्च शिक्षा व प्रशासनिक सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग को सरकार कब तक पूर्ण आरक्षण देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ग) प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण नीति की प्रति सभा पटल पर रखें?

GSSS Mandhorghat

***3155 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that tender of construction of building of GSSS Mandhorghat has been awarded; and

(b) if yes, why the construction work has not been started and by when it will be started?

मनरेगा

***3156 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मनरेगा के तहत विभिन्न पंचायतों में कितनी-कितनी धनराशि विभिन्न कार्यों हेतु व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

Vacancy Position

***3157 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 31.07.2020, how many posts of drivers and conductors are lying vacant in Himachal Road Transport Corporation; region-wise details be given; by when these posts will be filled up?

ज़मीन की दरुस्ती

***3158 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नगर परिषद ज्वाली, मुहाल वलाह सब-तहसील कोटला व ग्राम पंचायत नगरोटा सूरियां में कितने परिवारों की आबादी लाल लकीर में दर्ज़ है; और

(ख) क्या सरकार इन परिवारों की आबादी ज़मीन की दरुस्ती करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

टैण्डर

***3159 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत मण्डल चौपाल में अनुभाग, उप-मण्डल व मण्डलवार कितने टैण्डर सहायक/अधिशाषी अभियन्ता स्तर पर आवंटित किए गए; ब्यौरा दें?

चाबा प्रोजैक्ट

***3160 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि चाबा प्रोजैक्ट की नहर जो कि नोटीखड्ड से जाती है उसके टैंक व नहर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; यदि हां, तो इनकी मरम्मत एवं सफाई हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें;

(ख) यह भी सत्य है कि कर्मचारियों के आवास भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; इनके जीर्णोद्धार हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) विभागीय अधिकारियों द्वारा इस नहर व प्रोजैक्ट का निरीक्षण कब-कब किया गया; निरीक्षण रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें?

Loss to Tourism

***3161 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the estimated Loss to Tourism Industry in the State since March, 2020 till date due to lock down and poor economic conditions; and

(b) is the Government considering sanction of economic package or tax exemptions to this Sector?

सामाजिक सुरक्षा पैंशन

*3162 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि ग्राम सभाओं की बैठकों का आयोजन नहीं हो पा रहा है जिससे प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पैंशन हेतु पात्र व्यक्तियों को पैंशन का लाभ नहीं मिला है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ग्राम सभा में दिए जाने वाले प्रस्तावों के स्थान पर अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

कोल्ड स्टोर

*3163 **श्री किशोरी लाल (आनी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कोल्ड स्टोर खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर; ब्यौरा दें?

आयुर्वेदिक औषधालय

*3164 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तरसुह में आयुर्वेदिक औषधालय भवन बनाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

मार्केटिंग यार्ड

*3165 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा में किसानों व बागवानों के लिए कोई भी मार्केटिंग यार्ड

और कोल्ड स्टोर स्थापित नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक चम्बा जिला में मार्केटिंग यार्ड और कोल्ड स्टोर स्थापित करने का विचार रखती है?

रोज़गार

***3166 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक एस0जे0वी0एन0एल0 ने प्रदेश के कितने व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

Internet Connectivity

***3167 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) has the Government made any survey as to how many schools or areas inhibited by people are not connected with the internet facility;

(b) how many such complaints have been made to the Government; and

(c) what steps have been taken by the Government to provide internet facility?

राष्ट्रीय राजमार्ग-305

***3168 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-305 का निर्माण कार्य कब तक शुरू किया जाएगा व लारजी-जलोड़ी तक इस मार्ग पर विभिन्न कार्यों हेतु कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा कार्यवार दें; और

(ख) इस राजमार्ग पर जलोड़ी दर्रे के समीप बनने वाली सुरंग की अद्यतन स्थिति क्या है?

विकास योजनाएं

***3169 श्री विशाल नेहरिया (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक धर्मशाला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विकास योजनाओं की स्वीकृति मिली है; कितनी योजनाओं का कार्य आरम्भ किया गया व कितनों का पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इन विकास योजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा कितनी व्यय की गई है; ब्यौरा योजनावार दें ?

आई0टी0आई0 भवन

***3170 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि स्वारघाट व श्री नैना देवीजी आई0टी0आई0 की स्थापना कब की गई; इसमें कुल कितने ट्रेडज़ हैं तथा कितने प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और इनके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई व भवन निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

पदों का ब्यौरा

***3171 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं व रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा मण्डल , उप-मण्डल व श्रेणीवार दें ?

बंदोबस्त कार्य

***3172 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला सोलन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कनैर का बंदोबस्त कार्य अभी तक लंबित है; यदि हां, तो सरकार इसे कब तक करवाने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

***3173 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा में नगर परिषद तथा नगर पंचायत में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 29 अगस्त, 2020. **सचिव।**